पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2024-2026

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–25] रुड़की, शनिवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2024 ई0 (अग्रहायण 09, 1946 शक सम्वत्) [संख्या–48

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	1217–1385	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	1263–1266	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	395–398	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

वन अनुभाग–2

अधिसूचना

19 जनवरी, 2024 ई0

संख्या–127 / X-2-2024-19(10)/2021–राज्यपाल "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 166 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके वन्य जीवों द्वारा जान–माल को क्षति पहुँचाने जाने पर क्षतिपूर्ति के रूप में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने एवं इसका त्वरित भुगतान सुनिश्चित किये जाने के निमित्त वर्तमान में प्रभावी "मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2012" को, उन बातों के सिवाय अधिक्रमित करते हुये जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया था या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024

संक्षिप्त नाम विस्तार और प्रारम्भ	1.	(1)	इस नियमावली का संक्षिप्त नाम मानव वन्य जीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024 है।
		(2)	इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में होगा।
		(3)	यह नियमावली तुरन्त प्रवृत्त होगी।
परिभाषाएं	2.		जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में,
		(क)	"सरकार" से "उत्तराखण्ड राज्य की सरकार" अभिप्रेत है;
		(ख)	"केन्द्रीय सरकार" से भारत सरकार अभिप्रेत है;
		(ग)	"राज्यपाल" से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;
		(घ)	"वन क्षेत्र" से 'भारतीय वन अधिनियम, 1927 तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के अन्तर्गत घोषित वन भूमि एवं समय–समय पर भारत के मा0 उच्चतम न्यायालय एवं उत्तराखण्ड राज्य के मा0 उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों से वन की परिभाषा के अन्तर्गत आने वाली भू–क्षेत्र' अभिप्रेत है;
		(ङ)	"निधि" से मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि अभिप्रेत है;
		(च)	"वन निगम" से उत्तराखण्ड वन विकास निगम अभिप्रेत है;
		(छ)	"कैम्पा" से राज्य सरकार द्वारा गठित 'उत्तराखण्ड कैम्पा' अभिप्रेत है;
		(ज)	"अनुग्रह राशि" से वन क्षेत्र तथा उसके आस–पास के क्षेत्र में वन्य जीवों द्वारा जानमाल की क्षति की दशा में देय आर्थिक सहायता अभिप्रेत है;
		(झ)	"मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक" से वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 4(1)(क) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है;
		(ञ)	"प्रभागीय वनाधिकारी" से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी वन प्रभाग के प्रभारी और उस क्षेत्र पर अधिकारिता का प्रयोग करने वाले अधिकारी अभिप्रेत है;

		(ट)	"उप निदेशक" से राष्ट्रीय पार्क एवं वन्यजीव अभ्यारण्य का उप निदेशक अभिप्रेत है;
		(ठ)	"तहसीलदार" से 'राजस्व विभाग के अन्तर्गत तहसीलदार' अभिप्रेत है;
		(ड़)	"राजस्व निरीक्षक/पटवारी" से 'राजस्व विभाग के अन्तर्गत राजस्व निरीक्षक/पटवारी' अभिप्रेत है;
		(ढ़)	"वन्य जीवों" से 'इस नियमावली के प्रयोजन हेतु बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ (स्नो लेपर्ड), जंगली हाथी, तीनों प्रजाति के भालू (एशियाई काला भालू, हिमालयन भूरा भालू, स्लॉथ भालू), जंगली सुअर, लकड़बग्घा, मगरमच्छ/घड़ियाल, चीतल, काकड़, सांबर, नील गाय, बन्दर, लंगूर, सांप, मधुमक्खी व ततैया' से एवं राज्य सरकार द्वारा इस उद्देश्य से समय–समय पर विशेषतः घोषित वन्यजीव अभिप्रेत है;
		(ण)	"कृषि फसल" से 'राजस्व विभाग द्वारा पारिभाषित कृषि फसल' अभिप्रेत है;
		(त)	"आश्रित" से सम्बन्धित व्यक्ति के पति/पत्नी/बच्चे, माता/पिता, निकटतम सम्बन्धी अथवा ऐसे व्यक्ति अभिप्रेत हैं; जिनको किसी भी अभिलेख में सम्बन्धित व्यक्ति का आश्रित घोषित किया गया हो;
		(थ)	"वन अधिकारी" से वन विभाग में कार्यरत वन आरक्षी से अन्यून स्तर का कोई अधिकारी/कर्मचारी अभिप्रेत है;
		(द)	"वन कार्यालय" से वन विभाग का कोई कार्यालय अभिप्रेत है, जिसमें वन आरक्षी चौकी इत्यादि भी सम्मिलित है;
		(ध)	"ग्राम प्रधान" से ग्राम सभा के ग्राम प्रधान अभिप्रेत है;
		(न)	"सरपंच" से वन पंचायत के सरपंच अभिप्रेत है;
		(प)	"समिति" से नियम 5 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है।
निधि का गठन	3.	(1)	मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में जानमाल की क्षतिपूर्ति हेतु अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना सं0 2228/X-2-2012-19(37)/2003 दिनांक 10 दिसम्बर 2012 के अंतर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि की स्थापना की गयी है। राज्य सरकार के बजट, केन्द्रीय सरकार की योजनाओं, वन निगम से अनुदान, पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर, विभिन्न संस्थाओं आदि से इस उद्देश्य हेतु प्राप्त धनराशि को निधि में संचित किया जायेगा।
		(2)	उत्तराखण्ड शासन के आपदा प्रबंधन अनुभाग–01 की अधिसूचना संख्या 1468/XVIII-(2)/19-15(06)/2019 दिनांक 11 नवम्बर 2019 के अनुसार प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष को राज्य आपदा घोषित किया गया है। मानव वन्यजीव संघर्ष के अन्तर्गत वन्यजीवों द्वारा जान–माल को क्षति पंहुचाने पर

			क्षतिपूर्ति के रूप में अनुग्रह राशि इस नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन), भारत सरकार के पत्र दिनांक 10.10.2022 एवं पत्र दिनांक 11.07.2023 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत निर्धारित नवीन मानक एवं मदों अथवा इस नियमावली के प्रावधानों के अनुसार, जो भी अधिक हो उपलब्ध करायी जायेगी। यदि भविष्य में राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों एवं मदों में परिवर्तन होता है तो इस नियमावली के अंतर्गत नवीनतम मानकों के अनुसार राहत सहायता का भुगतान किया जायेगा।
	4.		(1) मानव वन्यजीव संघर्ष की राज्य आपदा से प्रभावितों को प्रथमतः राज्य आपदा मोचन निधि के अनुमन्य मदों के अनुसार अनुग्रह राशि का भुगतान किया जायेगा। किसी मद में इस नियमावली के अंतर्गत देय अनुग्रह राशि यदि राज्य आपदा मोचन निधि से उक्त मद में अनुमन्य धनराशि से अधिक हो तो ऐसी स्थिति में अतिरिक्त देय धनराशि का भुगतान वन विभाग द्वारा इस नियमावली द्वारा स्थापित कोष से किया जायेगा: परन्तु यदि राज्य आपदा मोचन निधि अथवा इस नियमावली के अंतर्गत अनुमन्य अनुग्रह राशि के मानकों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो उक्त परिवर्तन की तिथि से परिवर्तित दरों के अनुसार भुगतान किया जायेगा। (2) जिन मदों में राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से धनराशि देय होगी उन मदों के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
निधि का प्रशासन	5.		निधि के प्रशासन हेतु निम्नलिखित कार्यकारणी समिति गठित की जायेगी, जो निधि के कार्य कलापों का प्रबन्ध करेगी एवं इस नियमावली के अधीन या उनके द्वारा सौंपे गये कार्यो का निष्पादन करेगी:–
			(एक) प्रमुख वन संरक्षक – अध्यक्ष (दो) प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक – उपाध्यक्ष
			(तीन) प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण द्वारा नामित संयुक्त सचिव से अनिम्न स्तर के अधिकारी – सदस्य (चार) मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल मण्डल – सदस्य (पांच) मुख्य वन संरक्षक, कुमांऊ मण्डल – सदस्य (छः) प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम – सदस्य (सात) वित्त नियंत्रक, वन विभाग – सदस्य (आठ) अपर प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन – सदस्य (नौं) मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, प्रशासन एवं आसूचना – सदस्य सचिव

निधि का वितरण व रख–रखाव	6.	(1)	नियम 3 के अधीन गठित निधि को ब्याज अर्जित (Interest Bearing) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक खाते में रखा जायेगा। इस निधि का खाता उसी बैंक में खोला जायेगा जहां पर NEFT व RTGS की सुविधा उपलब्ध हो। इस बैंक खाते का नियंत्रण प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा किया जायेगा तथा यह उनके अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर से संचालित होगा। इस मुख्य बैंक खाते के विभिन्न वन प्रभागवार शीर्षक खाते खोले जायेंगे। इस निधि के संचालक द्वारा सम्बन्धित प्रभाग के शीर्षक खाते में वन्य जीवों द्वारा जान–माल को पहुंचायी गयी क्षति के सापेक्ष अनुग्रह धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।
		(2)	इस निधि के गठन हो जाने व संचालित होने के एक माह के भीतर उपरोक्तानुसार गठित समस्त वन प्रभागों के शीर्षक खातों में धनराशि रू0 20.00 लाख (रूपये बीस लाख) उपलब्ध करायी जायेगी। इस हेतु अपेक्षित धनराशि वन विभाग द्वारा सुसंगत मदों के अंतर्गत उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बन्धित वन प्रभागों के द्वारा अनुग्रह धनराशि का भुगतान इस धनराशि से किया जायेगा। प्रत्येक घटना में अनुग्रह राशि के भुगतान के पश्चात् सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को स्वीकृति पत्र की एक प्रति उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके पश्चात पत्र प्राप्ति के दो दिन के अन्दर उनके द्वारा धनराशि की उपलब्धता अनुसार सम्बन्धित वन प्रभाग के शीर्षक खाते में भुगतान की गयी अनुग्रह राशि के समान धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। किसी भी दशा में उक्त वन प्रभागों के शीर्षक खाते में रू0 20.00 लाख धनराशि की सीमा को अनुरक्षित किया जायेगा।
		(3)	किसी संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा निधि में धनराशि दान किये जाने पर सम्बन्धित संस्था/व्यक्ति को आयकर अधिनियम के अन्तर्गत आयकर से छूट प्रदान किये जाने हेतु केन्द्रीय सरकार को आवेदन करने हेतु स्वतंत्र होगा।
		(4)	उपरोक्त गठित कार्यकारणी समिति को यह अधिकार होगा कि किसी भी प्रकरण में अनुग्रह राशि के भुगतान हेतु पृथक से जांच कर सकता है एवं अनियमितायें पाये जाने पर भुगतान प्रक्रिया रोकी जा सकती हैं।
अनुग्रह राशि	7.	(1)	अनुग्रह राशि निम्नलिखित स्थितियों में देय होगी – बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ (स्नो लेपर्ड), जंगली हाथी, तीनों प्रजाति के भालू, लकड़बग्घा, जंगली सुअर, मगरमच्छ/घड़ियाल, सांप, मधुमक्खी, ततैया, लंगूर एवं बन्दर के आक्रमण से मृत्यु, घायल या विकलांग होने पर;
		(2)	बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ (स्नो लेपर्ड), जंगली हाथी तीनों प्रजाति के भालू, लकड़बग्घा, जंगली सुअर तथा मगरमच्छ/घड़ियाल, सांप द्वारा पालतू पशुओं को मारे जाने की हानि;

		(3)	जंगली हाथी, जंगली सुअर, नील गाय, काकड, सांभर, चीतल, लंगूर तथा बन्दरों द्वारा फसलों की हानि,
		(4)	जंगली हाथियों एवं तीनों प्रजाति के भालू द्वारा मकान को हानि।
अनुग्रह राशि के दावा का अवैध होना	8.		जंगली जानवरों द्वारा मानव हानि पर दिये जाने वाले क्षतिपूर्ति के लाभ/प्रलोभन में पारिवारिक सदस्यों अथवा परिवार से भिन्न व्यक्तियों द्वारा किसी वृद्ध मनुष्य, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अयोग्य (मेडिकल अनफिट), विकलांग अथवा मानसिक रूप से असंतुलित तथा वयस्क/अवयस्क किसी मानव को अकेले जंगल में छोड़ दिये जाने एवं जंगली जानवरों द्वारा ऐसे मानवों को हानि पहुंचाये जाने पर अनुग्रह राशि का दावा अवैध होगा। किसी भी प्रकार के क्षतिपूर्ति हेतु प्रस्तुत दावों के "अवैध" होने की पुष्टि होने पर ऐसे दावा प्रस्तुत करने वाले के विरूद्ध F.I.R (प्राथमिकी) दर्ज करते हुए विधि सम्मत् दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
अनुग्रह राशि की भुगतान की दरें	9.	(1)	इस नियमावली के अंतर्गत विभिन्न वन्यजीवों द्वारा हानि पंहुचाने पर देय अनुग्रह राशि तथा उक्त राशि का राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 1468/XVIII-(2)/19-15-(06)/2019 दिनांक 11.11.2019, गृह मंत्रालय (आपदा प्रबन्धन), भारत सरकार के पत्र संख्या–33–03 /2020–NDM–I(VoL-II) दिनांक 10.10.2022 एवं पत्र संख्या–33–03 /2020–NDM–I दिनांक 11.07.2023 के कम में राज्य आपदा मोचन निधि (State .Disaster Response Fund, SDRF) तथा इस नियमावली द्वारा गठित निधि से अंशवार देयता का विवरण निम्नलिखित है:– 1. नियम 7 के उपनियम (1) में उल्लिखित वन्यजीवों द्वारा मानव को हानि पहुंचाने पर देय अनुग्रह राशि की दरें निम्नवत् होगी:–

मानव क्षति का प्रकार	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024 के अनुसार अनुग्रह राशि हेतु देय दरें (रू0 में)	राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के मानक	भुगतान का स्रोत (रू0 में)	
			राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से देय राशि	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली 2024 से देय राशि
साधारण रूप से घायल	15,000/–	ऐसा गहरा जख्म जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है। (1) रू0 5,400/– प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से कम अवधि तक चिकित्सालय में रहने की स्थिति में।	5,400/– प्रति व्यक्ति	9,600/– प्रति व्यक्ति

			16,000/–	(2) रू0 16,000 प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक की अवधि तक चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में।	16,000/– प्रति व्यक्ति	–
			गम्भीर रूप से घायल	1,00,000/–	ऐसा गहरा जख्म जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है।	
					(1) रू0 5,400 प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से कम अवधि तक चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में।	5,400/– प्रति व्यक्ति	94,600/- प्रति व्यक्ति
					(2) रू0 16,000 प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक की अवधि तक चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में।	16,000/– प्रति व्यक्ति	84,000/– प्रति व्यक्ति
			आंशिक रूप से अपंग	1,00,000/–	शरीर के किसी अंग (लिंब) अथवा आंख/ आंखों की हानि होने पर। रू0 74,000 प्रति व्यक्ति अपंगता के 40 से 60 प्रतिशत के मध्य होने की स्थिति में।	74,000/– प्रति व्यक्ति	26,000/– प्रति व्यक्ति
			पूर्ण रूप से अपंग	3,00,000/–	रू0 3.00 लाख प्रति व्यक्ति अपंगता के 60 प्रतिशत अधिक होने की स्थिति में। अपंगता की सीमा और उसके कारण के संबंध में	2,50,000/– प्रति व्यक्ति	50,000/– प्रति व्यक्ति

					सरकारी अस्पताल अथवा डिस्पेंसरी के डाक्टर द्वारा किये गये प्रमाणन के अधीन।		
			वयस्क व अवयस्क की मृत्यु पर	6,00,000/–	रू0 4.00 लाख प्रति व्यक्ति। इसमें वे भी शामिल हैं, जो राहत अभियानों में शामिल हैं अथवा तैयारियों संबंधी कार्य कलापों से संबद्ध हैं। यह उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा मृत्यु के कारण संबंधी प्रमाण के अध्यधीन है।	4,00,000/– प्रति व्यक्ति	2,00,000/ –प्रति व्यक्ति

(2) नोट–"आयुष्मान भारत योजना" के तहत उपचार प्राप्त करने वाले व्यक्ति उक्त नियमों के अन्तर्गत राहत के लिए पात्र नहीं होंगे।

नियम 7 के उपनियम (2) में उल्लिखित वन्यजीवों द्वारा पशुओं को हानि पहुँचाने पर देय अनुग्रह राशि की दरें निम्नवत् होगी:–

पशु का प्रकार	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024 के अनुसार अनुग्रह राशि हेतु देय दरें (रू0 में)	राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के मानक	भुगतान का स्रोत (रू0 में)	
			राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से देय राशि	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली–2024 से देय राशि
गाय, जबू (ज्वॉ) व जुमो	रू0 37,500/–	दुधारू पशु रू0 37,500/– भैंस/गाय/ऊंट याक/मिथुन आदि के लिये प्रति पशु।	37,500/– प्रति पशु	–
बकरी/ भेड़/ सुअर	5,000/–	रू0 4,000/– भेड़/बकरी/ सूअर के लिये प्रति पशु।	4,000/– प्रति पशु	1,000/– प्रति पशु
ऊंट/ घोड़ा /बैल आदि	32,000/–	गैर दुधारू पशु रू0 32,000/–ऊंट/ घोड़ा /बैल आदि	32,000/– प्रति पशु	–

			बछड़ा / गधा / टट्टू / खच्चर / हेफर	20,000/–	रू0 20,000/–बछड़ा/ गधा/टट्टू/खच्चर/ हेफर {मानक–सहायता आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं के वास्तविक नुकसान तक हो सकती है और यह 3 बड़े दुधारू पशुओं और /या 30 छोटे दुधारू पशुओं और/या 6 छोटे गैर–दुधारू पशुओं की अधिकतम सीमा के अध्यधीन होगी तथा इस बात पर ध्यान दिये बिना प्रदान की जायेगी कि किसी परिवार की भारी मात्रा में पशुओं की क्षति हुई है अथवा नहीं। (जानवरों के नुकसान के दावे पर तभी विचार किया जायेगा जब छोटे और सीमांत किसानों /भूमिहीन पशुधन मालिकों के स्वामित्व वाले जानवरों की संख्या और प्रकार स्थानीय/नामित अधिकारियों के पास पंजीकृत हों)}	20,000/– प्रति पशु	–
			भैंस (03 वर्ष से अधिक आयु)	37,500/–	रू0 37,500/–भैंस (03 वर्ष से अधिक आयु) एवं उक्त मानकानुसार	37,500/– प्रति पशु	–
			घोड़ा–खच्चर	40,000/–	रू0 32,000/–घोड़ा/ खच्चर आदि के लिए एवं उक्त मानकानुसार	32,000/– प्रति पशु	8,000/– प्रति पशु
			बैल (03 वर्ष से अधिक आयु)	32,000/–	रू0 32,000/–बैल (03 वर्ष के अधिक आयु) के लिए एवं उक्त मानकानुसार	32,000/– प्रति पशु	–
			गाय की बछिया तथा भैंस का पडुवा / पड़िया /जबू (ज्वों) व जुमो के बच्चे	20,000/–	रू0 20,000/–प्रति पशु एवं उक्त मानकानुसार	20,000/– प्रति पशु	

		(3)	नियम 7 के उपनियम (3) में उल्लिखित वन्यजीवों द्वारा फसलों को हानि पहुंचाने पर अनुग्रह राशि की दरें निम्नवत् होगी:–

फसल का का प्रकार	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024 के अनुसार अनुग्रह राशि हेतु देय दरें (रू0 में)	सहायता हेतु राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के क्षति के मानक	भुगतान का स्रोत	
			राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से देय राशि (रू0 में)	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली–2024 से देय राशि (रू0 में)
गन्ना सम्पूर्ण फसल	25,000/– प्रति एकड़	इनपुट सब्सिडी (जहां पर फसलों का नुकसान 33 प्रतिशत या उससे अधिक है। रू0 8,500 प्रति हेक्टेयर, वर्षा सिंचित क्षेत्रों में। उपरोक्त सहायता प्रति किसान न्यूनतम रू0 1000/– के अधीन है और बोये गये क्षेत्रों तक सीमित है। रू0 17000/ प्रति हेक्टेयर सुनिश्चित सिंचित क्षेत्रों में उपरोक्त सहायता	रू0 3,441/प्रति एकड़	रू0 21,559/– प्रति एकड़

						प्रति किसान न्यूनतम रू0 2000/– के अधीन है और बोये गये क्षेत्रों तक सीमित है।		
				धान/गेहूं/तिलहन सम्पूर्ण फसल	15,000/– प्रति एकड़	उपरोक्तानुसार	रू0 3,441/– प्रति एकड़	रू0 11,559/– प्रति एकड़
				उपरोक्त फसलों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के फसलों के क्षतिग्रस्त होने पर सम्पूर्ण फसल	8,000/– प्रति एकड़	उपरोक्तानुसार	रू0 3,441/– प्रति एकड़	रू0 4,559/– प्रति एकड़
		(4)	जंगली हाथी/तीनों प्रजाति के भालू द्वारा मकान को हानि पहुंचाये जाने की दशा में देय अनुग्रह राशि की दरें निम्नवत् होगी:–					

मकान का प्रकार	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024 के अनुसार अनुग्रह राशि हेतु देय दरें (रू0 में)	सहायता हेतु राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के क्षति के मानक	भुगतान का स्रोत	
			राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से देय राशि (रू0 में)	मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली– 2024 से देय राशि (रू0 में)
पक्का मकान पूर्ण क्षति	1,50,000/– प्रति घर	पूर्णतः क्षतिग्रस्त/नष्ट भवन/गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त	1,20,000/– प्रति भवन (मैदानी क्षेत्रों में)	30,000
कच्चा मकान पूर्ण क्षति	1,30,000/– प्रति घर	उपरोक्तानुसार	1,30,000/– प्रति भवन (एकीकृत कार्ययोजना से आच्छादित जनपदों सहित पहाड़ी क्षेत्रों में)	–
कच्चा मकान आंशिक रूप से	20,000/– प्रति घर	आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान (झोपड़ियों के सिवाय) जहां क्षति कम से कम 15 प्रतिशत है। कच्चा घर–रू0 4,000/– प्रति घर	4,000/– प्रति घर	16,000/– प्रति घर

				झोपड़ी, टट्टर से निर्मित आवास क्षतिग्रस्त होने पर	8,000/–	क्षतिग्रस्त/ नष्ट झोपड़ी (झोपडी का तात्पर्य अस्थाई, तौर पर बनायी गयी ईकाई जो कच्चे मकान से कमजोर होती है, यह घास–फूस, मिट्टी, प्लास्टिक आदि से बनी होती है, राज्य/ जिला प्राधिकरणों द्वारा इसे पारंपरिक तौर पर झोपड़ी के रूप में माना जाता है। नोट– क्षतिग्रस्त घर, राज्य सरकार के सक्षग प्राधिकारी द्वारा विधिवत् प्रमाणित एक अधिकृत	8,000/– प्रति झोपड़ी	–
						निर्माण होना चाहिए।		
					–	घर से जुड़ा पशुओं का बाड़ा।	3,000/– प्रति शेड	–
				पक्के मकान की चहारदीवारी की क्षति तथा पक्के मकान की आंशिक क्षति (चहारदीवारी हेतु आंशिक एवं पूर्ण क्षति पर तथा पक्के मकान की आंशिक क्षति पर)	15,000/–	आंशिक क्षतिग्रस्त मकान (झोपड़ियों के शिवाय) जहां क्षति कम से कम 15 प्रतिशत हो। पक्का घर–रू0 6,500/– प्रति घर। कच्चा घर–रू0 4,000/– प्रति घर।	6,500/– प्रति भवन 4,000/– प्रति भवन	8,500/– प्रति भवन 11,000/– प्रति भवन

अनुग्रह राशि की भुगतान की प्रक्रिया	10.		नियम 7 के उपनियम (1) में उल्लिखित वन्यजीवों द्वारा मानव हानि पहुंचाने पर अनुग्रह राशि की भुगतान की प्रक्रिया निम्नलिखित होगीः—
		(1) (एक)	वन्य जीवों द्वारा मारे जाने, अपंग करने अथवा घायल कर दिये जाने पर पीड़ित व्यक्ति/सम्बन्धित आश्रित की पुष्टि प्रथमतः घटना क्षेत्र के ग्राम प्रधान अथवा किसी वर्तमान में पदासीन जनप्रतिनिधि एवं सम्बन्धित क्षेत्र के वन रक्षक द्वारा संयुक्त रूप से कर दिये जाने के आधार पर सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा निधि से घटना विशेष में आंकलित कुल देय धनराशि का 30 प्रतिशत धनराशि अग्रिम के रूप में पीड़ित व्यक्ति/सम्बन्धित आश्रित को जानमाल की क्षति की घटना की सूचना प्राप्त होने से सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़ते हुए अधिकतम 48 घंटे के अन्तर्गत उपलब्ध करायी जायेगी। अवशेष धनराशि अन्तिम जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर देय होगी। स्पष्टीकरणः ऐसी किसी घटना की जानकारी होने पर संबंधित
			प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी।
		(दो)	यदि अन्तिम जांच रिपोर्ट में वन्य जीवों द्वारा सम्बन्धित व्यक्ति के मारे जाने/अपंग करने/घायल करने की पुष्टि नहीं होती है, तो सम्बन्धित पीड़ित व्यक्ति/आश्रित को प्रदान की गयी अग्रिम धनराशि की वसूली राजस्व वसूली के बकाया रूप में की जायेगी। इस सम्बन्ध में नियमावली के नियम 5 के अनुसार गठित समिति के द्वारा अन्तिम निर्णय लिया जायेगा। अंतिम जांच रिपोर्ट में इस तथ्य की जांच भी अनिवार्य रूप से की जायेगी, कि अनुग्रह राशि का दावा पूर्णतः वैध है। दावा अवैध होने पर नियमावली के नियम 8 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
		(तीन)	वन्यजीवों द्वारा मारे जाने, अपंग करने अथवा घायल कर दिये जाने के सम्बन्ध में राज्य के चिकित्सक द्वारा इस सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र दिया जायेगा, जिसके उपरान्त सम्बन्धित सहायक वन संरक्षक/वन्य जीव प्रतिपालक की अन्तिम जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा देय अनुग्रह राशि को स्वीकृत करने तथा भुगतान करने का पूर्ण अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा सम्पूर्ण विवरण के साथ भुगतान आदेश की प्रति अनिवार्य रूप से सूचना प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को प्रेषित की जायेगी।
		(चार)	अन्तिम जांच रिपोर्ट घटना घटित होने के अधिकतम 15 दिन के भीतर निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

		(पांच)	अनुग्रह राशि का अन्तिम भुगतान करने से पूर्व मृतक व्यक्ति के आश्रितों के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी से प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जायेगा।
		(छः)	मानव मृत्यु अथवा घायल किये जाने की दशा में अनुमन्य भुगतान अनिवार्य रूप से अधिकतम 15 दिनों में किया जायेगा।
		(2)	नियम 7 के उपनियम (2) में उल्लिखित वन्यजीवों द्वारा पशु हानि पहुंचाये जाने पर अनुग्रह राशि की भुगतान की प्रक्रिया निम्नलिखित होगीः–
		(एक)	वन्यजीवों द्वारा पालतू पशुओं/मवेशी के मारे जाने पर प्रथमतः इसकी पुष्टि ग्राम प्रधान अथवा वर्तमान में पदासीन किसी जनप्रतिनिधि द्वारा कर दिये जाने के उपरान्त ही मारे गये मवेशी के मृत शरीर को घटना स्थल से हटाया जायेगा। मृत मवेशी के शव पर किसी प्रकार का विष अथवा कीटनाशक पदार्थ डाले जाने और किसी भी प्रकार से मवेशी के शव से छेड़–छाड़ किये जाने की दशा में अनुग्रह राशि देय नहीं होगी।
		(दो)	मवेशी के स्वामी द्वारा मवेशी के मारे जाने की सूचना घटना के दो दिन के अन्दर सम्बन्धित रेंज कार्यालय में लिखित रूप से देनी होगी।
		(तीन)	वन्यजीवों द्वारा पालतू पशुओं/मवेशी को मारे जाने की पुष्टि प्रथमतः घटना क्षेत्र के ग्राम प्रधान अथवा वर्तमान में पदासीन किसी जनप्रतिनिधि एवं सम्बन्धित क्षेत्र के वन रक्षक द्वारा संयुक्त रूप से कर दिये जाने के आधार पर प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा अपने पास उपलब्ध निधि से घटना विशेष में आंकलित कुल देय धनराशि का 20 प्रतिशत धनराशि अग्रिम धनराशि के रूप में मवेशी के स्वामी को उपलब्ध करायी जायेगी। अवशेष धनराशि अन्तिम जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर देय होगी। यदि अन्तिम जांच रिपोर्ट में वन्य प्राणी द्वारा मवेशी के मारे जाने की पुष्टि नहीं होती है, तो मवेशी के स्वामी को प्रदान की गयी अग्रिम धनराशि की वसूली राजस्व के रूप में की जायेगी।
		(चार)	वन्यजीवों द्वारा मवेशी को मारे जाने का प्रमाण–पत्र सम्बन्धित रेंज अधिकारी द्वारा दिया जायेगा, जिसके उपरान्त सम्बन्धित सहायक वन संरक्षक/वन्यजीव प्रतिपालक की अन्तिम जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक को देय अनुग्रह राशि को स्वीकृत करने तथा भुगतान करने का पूर्ण अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा सूचना सम्पूर्ण विवरण के साथ निश्चित रूप से मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को प्रेषित की जायेगी।
		(पांच)	अन्तिम जांच रिपोर्ट घटना घटित होन के अधिकतम एक माह के भीतर निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।
		(छः)	ऐसे प्रकरणों में अनुमन्य भुगतान अनिवार्य रूप से अधिकतम 15 दिनों में किया जायेगा।
		(3)	नियम 7 के उपनियम (3) में उल्लिखित वन्यजीवों द्वारा फसल क्षति पहुंचाये जाने पर अनुग्रह राशि की भुगतान की प्रक्रिया

			निम्नलिखित होगी:–
		(एक)	घटना की सूचना, 2 दिन के अन्दर स्थानीय वन अधिकारी को लिखित रुप मे देनी होगी। इसके उपरान्त सम्बन्धित घटना क्षेत्र के तहसीलदार/पटवारी व स्थानीय वन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से फसलों की क्षति का सत्यापन एवं आंकलन कर जांच रिपोर्ट रेंज अधिकारी के माध्यम से सम्बन्धित सहायक वन संरक्षक/वन्यजीव प्रतिपालक को उपलब्ध करायी जायेगी।
		(दो)	सम्बन्धित सहायक वन संरक्षक/वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा अन्तिम जांच रिपोर्ट घटना घटित होने के दो माह के भीतर अनिवार्य रूप से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक को प्रस्तुत की जायेगी।
		(तीन)	अन्तिम जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उपनिदेशक प्रकरण में देय अनुग्रह राशि को स्वीकृत करने व भुगतान करने का पूर्ण अधिकारी होगा। इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी/उपनिदेशक द्वारा सम्पूर्ण विवरण के साथ सूचना निश्चित रूप से मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को प्रेषित की जायेगी।
		(चार)	ऐसे प्रकरणों में अनुमन्य भुगतान अनिवार्य रूप से अधिकतम 15 दिनों में किया जायेगा।
		(4)	जंगली हाथियों एवं तीनों प्रजाति के भालू द्वारा मकान क्षति पर अनुग्रह राशि के भुगतान की प्रक्रिया निम्नलिखित होगी:–
		(एक)	घटना की सूचना दो दिन के अन्दर सम्बन्धित रेंज कार्यालय में लिखित रूप से देनी होगी। जिसकी पुष्टि वन दरोगा अथवा उप वन क्षेत्राधिकारी द्वारा तत्काल कर ली जायेगी।
		(दो)	क्षति का आंकलन सम्बन्धित क्षेत्र के नायब तहसीलदार एवं रेंज अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से कर लिये जाने पर जांच रिपोर्ट सहायक वन संरक्षक/वन्यजीव प्रतिपालक को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके द्वारा मामले में अन्तिम जांच करते हुये अन्तिम जांच रिपोर्ट एक माह के अन्दर अनिवार्य रूप से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक को प्रस्तुत की जायेगी।
			अन्तिम जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा प्रकरण में देय अनुग्रह राशि को स्वीकृत करने व भुगतान करने का पूर्ण अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा सम्पूर्ण विवरण के साथ सूचना निश्चित रूप से मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को प्रेषित की जायेगी।

			स्पष्टीकरणः ऐसी किसी घटना की जानकारी होने पर संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी। ऐसे प्रकरणों में अनुमन्य भुगतान अनिवार्य रूप से अधिकतम 15 दिनों में किया जायेगा।
निधि के अंतर्गत प्रशासनिक व्यय एवं ब्याज का उपयोग	11.		निधि में जमा धनराशि पर प्राप्त होने वाला ब्याज निधि में ही सम्मिलित किया जायेगा। निधि की अधिकतम 05 प्रतिशत धनराशि इस निधि के संचालन हेतु नियमावली के नियम 5 में गठित समिति की देख–रेख में विभिन्न प्रभागीय कार्यालयों में प्रशासनिक व्यय के रूप में व्यय की जायेगी।
लेखा सम्परीक्षा	12.		निधि का लेखा सम्परीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अधीन महालेखाकार द्वारा अथवा उनके द्वारा नामित संस्था द्वारा किया जायेगा।
प्रतिवेदन	13.		निधि के कार्य–कलापों के प्रशासन तथा निधि के लेखों के सम्बन्ध में प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रत्येक वर्ष के दिनांक 15 अप्रैल तक समिति अपना प्रतिवेदन राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। उक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के लिये निधि की कार्यकारिणी उत्तरदायी होगी।
राज्य सरकार की लेखा एवं सूचनायें मांगने की शक्ति	14.		राज्य सरकार को यह अधिकार होगा कि वह ऐसी सूचनायें एवं लेखे कभी भी मांग सकती है, जो उसके विचार से उन्हें युक्तियुक्त रूप से संतुष्ट करने के लिये आवश्यक हो, एवं कार्यकारिणी तथा प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड ऐसी अपेक्षा पर तत्काल राज्य सरकार को सूचनायें एवं लेखा प्रस्तुत करेगी।
नियमों के प्रर्वतन में कठिनाइयों का दूर किया जाना	15		इस नियमावली के प्रावधानों के प्रवर्तन में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार आदेश द्वारा कठिनाई दूर कर सकती है, जो इस नियमावली से असंगत न होगा।

1. इस नियमावली के प्रवृत्त होने की तिथि के उपरान्त यदि राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय, आपदा प्रबन्धन संभाग द्वारा अनुमन्य राशि की दरों में कोई परिवर्तन (संशोधन) किया जाता है, तो दोनों में से जो भी धनराशि उच्च हो, उसके अनुरूप इस नियमावली को स्वतः उस अंश तक परिवर्तित (संशोधित) माना जायेगा। ऐसे परिवर्तन (संशोधन) लागू होने की तिथि के विषय में राज्य सरकार द्वारा पृथक से आदेश किये जायेंगे।

2. भारत सरकार के गृह मंत्रालय, आपदा प्रबंधन संभाग द्वारा व्यस्क अथवा अव्यस्क की मृत्यु पर अनुमन्य अनुग्रह राशि जो भी निर्धारित हो, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में उससे रू0 02 लाख अधिक की धनराशि का भुगतान किया जायेगा। रू0 02 लाख की अतिरिक्त धनराशि मानव वन्यजीव संघर्ष वितरण निधि से देय होगी। भारत सरकार द्वारा ऐसे परिवर्तन के अनुरूप इस नियमावली को स्वतः उस अंश तक परिवर्तित माना जायेगा। ऐसे परिवर्तन के लागू होने की तिथि के विषय में राज्य सरकार द्वारा पृथक से आदेश निर्गत किए जायेंगे।

3. भारत सरकार के गृह मंत्रालय, आपदा प्रबन्धन संभाग द्वारा पूर्ण रूप से अपंग होने पर अनुमन्य अनुग्रह राशि जो भी निर्धारित हो, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में उससे रू0 50 हजार अधिक की राशि का भुगतान किया जायेगा। रू0 50 हजार की अतिरिक्त धनराशि मानव वन्यजीव संघर्ष वितरण निधि से देय होगी। भारत सरकार द्वारा ऐसे परिवर्तन के अनुरूप इस नियमावली को स्वतः उस अंश तक परिवर्तित (संशोधित) माना जायेगा। ऐसे परिवर्तन के लागू होने के विषय में राज्य सरकार द्वारा पृथक से आदेश किये जायेंगे।

4. मानव–वन्यजीव संघर्ष के तहत होने वाली विभिन्न क्षतियों की प्रतिपूर्ति हेतु मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2023 के तहत नियत की गई धनराशि यदि भारत सरकार द्वारा राज्य आपदा मोचन निधि हेतु निर्धारित दरों से अधिक होती है तो उस दशा में अतिरिक्त धनराशि वन विभाग द्वारा मानव–वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि से वहन की जायेगी।

अधिसूचना

16 फरवरी, 2024 ई0

संख्या–289 / X-2-2024-19(10)/2021–राज्यपाल "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 166 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके "मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024" में अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि (संशोधन) नियमावली, 2024

संक्षिप्त नाम विस्तार और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम मानव वन्य जीव संघर्ष राहत वितरण निधि (संशोधन) नियमावली, 2024 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी

अनुग्रह राशि की भुगतान की दरें

2. मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली, 2024 जिसे आगे मूल नियमावली कहा गया है, के मूल नियम 9 के उपनियम (2) की तालिका के कॉलम–1 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये 'पशु के प्रकार' के प्रस्तर–3 और 4 में संशोधन करते हुए निम्नानुसार स्तम्भ –2 में रख दिये जायेंगे, अर्थातः–

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
वर्तमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
ऊँट / घोड़ा / बैल आदि	ऊँट आदि
वछड़ा / गधा / टट्टू / खच्चर / हेफर	बछड़ा / गधा / टट्टू / हेफर

आज्ञा से,

आर0 के सुधांशु,

प्रमुख सचिव।

अधिसूचना

06 नवम्बर, 2024 ई0

संख्या–2075/X-2-2024-19(10)2022–चूंकि, शासनादेश सं0–1075/X–2–2023–19 (10)2022 ,दिनांक 25 मई 2023 द्वारा राज्य में मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण प्रकोष्ठ एवं मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि की स्थापना की गयी है;

और चूंकि, उपरोक्त शासनादेश के पृष्ठ संख्या–3 के प्रस्तर–7 में उत्तराखण्ड में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि के संचालन के लिये पृथक से नियमावली का गठन किये जाने की व्यवस्था दी गयी है;

अतः अब, राज्यपाल भारत का संविधान के अनुच्छेद 166 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उत्तराखण्ड में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के दृष्टिगत मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि के संचालन किये जाने हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि संचालन नियमावली, 2024

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ	1.	(1)	इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि संचालन नियमावली, 2024 है।
		(2)	इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में होगा।
		(3)	यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।
परिभाषाएं	2.		जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में,
	(क)		''सरकार'' से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है;
	(ख)		''केन्द्रीय सरकार'' से भारत सरकार अभिप्रेत है;
	(ग)		''राज्यपाल'' से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;
	(घ)		'निधि' से उत्तराखण्ड मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि अभिप्रेत है;
	(ङ)		''मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक'' से वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 4(1)(a) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा घोषित प्राधिकृत अधिकारी अभिप्रेत है;
	(च)		'प्रभागीय वनाधिकारी' से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी वन प्रभाग के प्रभारी और उस क्षेत्र पर अधिकारिता का प्रयोग करने वाले अधिकारी अभिप्रेत है;
	(छ)		'उप निदेशक' से राष्ट्रीय पार्क एवं वन्यजीव अभ्यारण्य का उप निदेशक अभिप्रेत है;
निधि का गठन	3.		शासनादेश सं0–1075/X–2–2023–19(10)2022, दिनांक 25 मई 2023 द्वारा राज्य में मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण प्रकोष्ठ एवं मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि की स्थापना की गयी है। मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण निधि में प्रत्येक वर्ष राज्य सरकार द्वारा रू0 2.00 करोड तक की धनराशि कार्पस फण्ड/रिवाल्विंग फण्ड के रूप में उपलब्ध करायी जायेगी।

निधि का प्रशासन	4.		निधि का प्रशासन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड के अधीन होगा।
निधि का वितरण व रख– रखाव	5.	(1)	नियम 3 के अधीन गठित निधि को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ब्याज अर्जित खाते (Interest Bearing Account) में रखा जायेगा तथा इसका संचालन प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर से किया जायेगा। निधि में अर्जित ब्याज भी इस निधि का भाग होगा। इसके उपयोग हेतु प्रत्येक वन प्रभाग (प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक) स्तर पर भी मदर चाईल्ड अकाण्ट (Mother Child Account) व्यवस्था के अनुसार खाता खोला जायेगा। इस निधि का खाता उसी बैंक में खोला जायेगा जहां पर RTGS की सुविधा उपलब्ध हो। मदर एवं चाइल्ड अकाउंट के बीच लिमिट निर्धारण किया जायेगा। चाइल्ड अकाउंट से लाभार्थी को ट्रांजैक्शन RTGS के माध्यम से किया जायेगा। इस निधि हेतु प्रत्येक वर्ष राज्य सरकार द्वारा 02.00 करोड़ रूपये तक की धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस धनराशि में राज्य सरकार द्वारा अपने विवेकानुसार कमी एवं वृद्धि की जा सकेगी। यह धनराशि नॉन लेप्सेबल (Non lapsable) होगी तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त अवशेष धनराशि उपयोग हेतु बनी रहेगी। इस प्रकार इस कोष का स्वरूप सतत् होगा। सभी ट्रांजेक्शन डिजिटल रूप से की जानी अनिवार्य होगी। इस निधि के संचालक द्वारा सम्बन्धित प्रभाग के शीर्षक खाते में शासनादेश सं0–1075/X–2–2023–19(10)2022, दिनांक 25 मई 2023 की व्यवस्थानुसार मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रकरणों में सतत् एवं आकस्मिक आ रहे किसी भी व्यय हेतु धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।
		(2)	इस निधि के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष किये गये व्यय का विवरण निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से शासन को वित्तीय वर्ष में त्रैमासिक उपलब्ध कराया जायेगा।
		(3)	प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को यह अधिकार होगा कि वह इस निधि के अन्तर्गत व्यय–भुगतान के सम्बन्ध में पृथक से जांच कर सकता है एवं अनियमितायें पाये जाने पर सुसंगत प्राविधानों के तहत कार्यवाही कर सकता है।
व्यय की अनुमन्यता	6.		इस निधि के अन्तर्गत धनराशि को निम्न मदों पर व्यय किया जायेगा–
		(1)	मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण संबंधी किसी भी कार्यक्रम यथा बंदर बंध्याकरण, पीड़क वन्यजंतु को पकड़ने हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम आदिः परन्तु यदि इस मद में किसी भी बजट मद के अन्तर्गत धनराशि बाद में प्राप्त हो जाती है तो इसे निधि को वापस कर दिया जायेगा।
		(2)	वन्यजीव के डी0एन0ए0 जांच, अन्य चिकित्सीय जांच आदि पर हो रहे व्यय।

		(3)	मानव वन्यजीव संघर्ष के अन्तर्गत पकड़े गये वन्य जीवों को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना एवं उससे संबंधित अन्य आकस्मिक व्यय।
		(4)	मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रकरण में मृत किसी व्यक्ति के परिजनों अथवा घायल किसी व्यक्ति एवं उसके परिजनों को मौके की परिस्थिति के अनुसार कोई आकस्मिक एवं तात्कालिक सहयोग। प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एंव मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड इस हेतु दिशा–निर्देश पृथक से निर्गत कर सकते हैं।
		(5)	किसी मानव क्षति के प्रकरण में अनुमन्य अनुग्रह राशि हेतु प्रावधानित मद में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न होने की दशा में भुगतान। यह धनराशि निधि को प्रत्येक दशा में बजट उपलब्ध होने पर वापस की जायेगी।
		(6)	मानव वन्यजीव संघर्ष से संबंधित किसी आकस्मिक वैज्ञानिक अध्ययन एवं उपकरण यथा रेडियो कॉलर आदि पर व्यय।
		(7)	जूनोटिक बिमारियों यथा बर्ड फ्लू तथा वन्यजीवों में होने वाले विभिन्न रोगों यथा रानीखेत, खुरपका आदि की नियमित जांच हेतु।
		(8)	उपरोक्त से संबंधित अन्य किसी भी ऐसे मद जिस हेतु सामान्य बजट में कोई प्राविधान उपलब्ध नहीं है परंतु इस बात की संतुष्टि कर ली जाये कि ऐसे मद पर व्यय मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण की दृष्टि से सर्वथा आवश्यक एवं उपयुक्त है।
व्यय का अनुमन्य न होना	7.		नियम 6 में उल्लिखित मदों के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय निधि से अनुमन्य नहीं होगा। यदि ऐसे किसी भी व्यय के अनुमन्य नहीं होने की पुष्टि होने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।
निधि के अंतर्गत ब्याज का उपयोग	8.		निधि में जमा धनराशि पर प्राप्त होने वाला ब्याज निधि में ही सम्मिलित किया जायेगा। इसका उपयोग नियम 6 की मदों हेतु किया जा सकेगा। निधि पर अर्जित ब्याज का पृथक से लेखांकन किया जायेगा तथा उसका विवरण रखा जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि समान उद्देशय हेतु किसी अन्य स्रोत से धनराशि का आवंटन किया जा रहा है, तो धनराशि के आवंटन में डुपलीकेसी (Duplicacy) अथवा ओवरलेपिंग(Overlapping) ना हो
लेखा सम्परीक्षा	9.		निधि का लेखा सम्परीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अधीन महालेखाकार द्वारा अथवा उनके द्वारा नामित संस्था द्वारा किया जायेगा।
प्रतिवेदन	10.		निधि के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष किये गये व्यय विवरण का प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से शासन को वित्तीय वर्ष में त्रैमासिक उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के लिये प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

राज्य सरकार की लेखा एवं सूचनायें मांगने की शक्ति	11.		राज्य सरकार को यह अधिकार होगा कि वह ऐसी सूचनायें एवं लेखे कभी भी मांग सकती है, जो उसके विचार से उन्हें युक्तियुक्त रूप से संतुष्ट करने के लिये आवश्यक हों, एवं प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड ऐसी अपेक्षा पर तत्काल राज्य सरकार को सूचनायें प्रस्तुत करेंगे।
नियमों के प्रर्वतन में कठिनाइयों का दूर किया जाना	12.		नियमावली के प्रावधानों के प्रवर्तन में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार आदेश द्वारा कठिनाई दूर कर सकती है, जो इस नियमावली से असंगत न होंगे।

आज्ञा से,
रमेश कुमार सुधांशु,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the English translation of notification No-2075/X-2-2024-19(10)2022 Dated, November 06, 2024 for general information.

NOTIFICATION

November 06, 2024

No.2075/X-2-2024-19(10)2022--WHEREAS, Human Wildlife Conflict Prevention Cell and Human Wildlife Conflict Prevention Fund ware established in the State vide Government Order No. 1075/X-2-2023-19(10) 2022, dated 25 May 2023;

And since, in the view of preventing Human-Wildlife Conflict in Uttarakhand, a provision has been made for the formation of separate rules for the operation of the Human-Wildlife Conflict Prevention Fund as per the para 7 of page number 3 of the aforesaid Government Order.

Now therefore, in exercise of the powers conferred by article 166 of the Constitution of India, in the view of preventing Human-Wildlife Conflict in Uttarakhand, for the operation of the Human Wildlife Conflict Prevention Fund the Governor is pleased to make the following rules :-

The Uttarakhand Human Wildlife Conflict Prevention Fund Operation Rules, 2024

Short title, extent and commencement	1.	(1)	These rules may be called the Uttarakhand Human Wildlife Conflict Prevention Fund Operation Rules, 2024.
		(2)	It shall extend to whole of Uttarakhand.
		(3)	It shall come into force at once.

Definitions	2.		In this Rules, unless there is anything repugnant in the subject or context,
		(a)	"Government" means the Government of the State of Uttarakhand;
		(b)	'Central Government' means the Government of India;
		(c)	'Governor' means the Governor of Uttarakhand;
		(d)	'Fund' means the Uttarakhand Human Wildlife Conflict Prevention Fund;
		(e)	'Chief Wildlife Warden' means the authorized officer appointed by the State Government under Section 4(1)(a) of the Wildlife (Protection) Act, 1972;
		(f)	'Divisional Forest Officer' means the officer appointed by the State Government in charge of a Forest Division and exercising jurisdiction over that area;
		(g)	'Deputy Director' means the Deputy Director of the National Park and Wildlife Sanctuary;
Constitution of the Fund	3.		Human Wildlife Conflict Prevention Cell and Human Wildlife Conflict Prevention Fund have been established in the state vide Government Order No. 1075/X-2-2023-19(10) 2015, dated 25 May 2023. Every year, the State Government shall provide an amount of up to Rs. 2.00 crore in the form of Corpus Fund/Revolving Fund in the Human Wildlife Conflict Prevention Fund.
Administration of the Fund	4.		The administration of the fund shall be under the Principal Chief Conservator of Forests, Wildlife and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand.
Distribution and Maintenance of the Fund	5.	(1)	The Fund constituted under Rule 3 shall be kept in an interest bearing account in any nationalized bank and shall be operated with the signature of the Principal Chief Conservator of Forests, Wildlife and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand or a thier authorized represntative. The interest earned on the fund shall also be a part of this fund.

			For its use, an account shall be opened at each forest division (Divisional Forest Officer/Deputy Director) level as per the Mother Child Account system. The account of this fund shall be opened in the same bank where RTGS facility is available. A limit shall be determined between the mother and child account. Transactions from the child account to the beneficiary shall be done through RTGS. Every year the State Government shall provide an amount of upto Rs. 2.00 crore for this fund. The State Government may increase or decrease this amount as per its discretion. This amount shall be non-lapsable and after the end of the financial year, the remaining amount shall remain for use. Thus, the nature of this fund shall be continuous. It shall be mandatory for all transactions to be done digitally. The director of this fund shall provide funds for any continuous and sudden expenditure in cases of Human-Wildlife Conflict in the title account of the concerned division as per the provision of Government Order No. 1075/X-2-2023-19(10) 2022, dated 25 May 2023.
		(2)	The details of expenditure incurred under this fund every year shall be mandatorily provided to the Government, every quarter in the financial year, in the prescribed format.
		(3)	Principal Chief Conservator of Forests, Wildlife and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand or a person authorized by him, shall have the right to conduct a separate inquiry regarding the expenditure-payment under this fund and, if any irregularities are found, may take action under the relevant provisions.
Admissibility of expenditure	6.		The amount under this fund shall be spent on the following items-
		(1)	Any programme related to prevention of Human-Wildlife Conflict such as monkey sterilization, programmes for catching vermin wild animals etc; provided that if funds are subsequently received in this item under any other budget item then, it shall be returned to the Fund.

		(2)	Expenses incurred on DNA testing of wild animals, other medical tests etc.
		(3)	Transportation of wildlife, caught in Human-Wildlife Conflict, from one place to another and other incidental expenses related thereto.
		(4)	For emergency and immediate assistance to the family of a deceased or to any injured person and his family, in case of Human-Wildlife Conflict, as per the situation. Principal Chief Forest Conservator, Wildlife and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand may issue separate guidelines for this.
		(5)	Payment in case of non-availability of sufficient funds in the item provided for admissible ex-gratia amount in case of any human casualty. This amount shall be returned to the fund in every case when budget is available.
		(6)	Expenditure on any incidental scientific study and equipment related to Human-Wildlife Conflict such as radio collars etc.
		(7)	For regular testing of zoonotic diseases such as bird flu and various wildlife diseases such as ranikhet disease, hoof and mouth disease etc.
		(8)	Any other item related to the above for which no provision has been made in the general budget but it should be ensured that the expenditure on such item is necessary and appropriate for prevention of Human-Wildlife Conflict.
Non-admissibility of expenditure	7.		Apart from the items mentioned in Rule-6, no other expenditure shall be permissible from the fund. If it is confirmed that any such expenditure is not permissible, legal action shall be taken.
Utilization of Interest under the Fund	8.		The interest received on the amount deposited in the fund shall be included in the fund itself. It can be used for the items mentioned in Rule 6. The interest earned on the fund shall be separately accounted for and details shall be maintained. It will also

			be ensured that if funds are being allocated from any other source for the same purpose, there is no duplicacy or overlapping in the allocation of funds.
Accounting audit	9.		The fund shall be audited by the Accountant General under the Comptroller and Auditor General of India or by an institution nominated by him.
Report	10.		A report of the expenditure incurred each year under the fund shall be mandatorily provided to the Government in the prescribed format every quarter in the financial year. The Principal Chief Conservator of Forests, Wildlife and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand or an officer nominated by him shall be responsible for submitting the said report.
Power of State Government to call for accounts and information	11.		The State Government shall have the right to call for such information and accounts at any time which it considers necessary to assure itself reasonably, and the Principal Chief Conservator of Forests, Wildlife and Chief Wildlife Warden, Uttarakhand shall forthwith furnish the information to the State Government on such requisition.
Removal of difficulties in enforcement of rules	12.		If any difficulty arises in enforcing the provisions of these rules, the State Government may remove the difficulty by order, which shall not be inconsistent with these rules.

By Order,

RAMESH KUMAR SUDHANSHU,

Principal Secretary.

